तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

12 संबलपुर डिविजन रेलवे सलाहकार समिति...





12 स्कूलों में मनमानी, पार्षद और पालकों ने...






**खबर संक्षेप**

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम खदरही नवाडीह से बिहाझर रास्ते पर एक व्यक्ति से महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी पर बागबाहरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम खदरही नवाडीह से बिहाझर की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग स्थित मोड़ के पास में राजकुमार ठाकुर द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस आरोपी राजकुमार ठाकुर पिता धनीराम ठाकुर (33 साल) ग्राम खदरही नवाडीह के कब्जे से, एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 35 पाउच हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कुल 06 लीटर, करीमत करीबन 3000 रुपए और बिक्री रकम 1510 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### संजय कानन में 160 जोड़ों का विवाह आज

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग गरीब परिवार की कन्याओं का विवाह 28 मार्च को प्रातः 11 बजे से सामूहिक विवाह का आयोजन महासमुंद के संजय कानन उद्यान में होगा। इस विवाह आयोजन में 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रति जोड़ा 50 हजार रुपए का व्यय किया जाएगा। इसमें प्रत्येक कन्या को 35 हजार रुपए की राशि बैंक खाते या बैंक ड्राफ्ट के रूप में दी जाएगी। विवाह आयोजन व्यवस्था और परिवहन पर प्रति कन्या 8 हजार रुपए, इसके साथ ही विवाह के मौके पर वर-वधू के कपड़े, शृंगार सामग्री पर 7 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। छग मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार/मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनांतर्गत कार्डधारी परिवारों की 18 वर्ष से अधिक आयु की अधिकतम दो कन्याओं को योजनांतर्गत लाभ दिया जाता है।

# आईपीएल शुरू, ऑनलाइन लग रहे बड़े-बड़े दांव, सक्रिय हुए सटोरिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- क्रिकेट सट्टा का कारोबार जोरों पर

आईपीएल की शुरुआत के साथ क्रिकेट में ऑनलाईन सट्टा खिलाए जाने के लिए सटोरिए सक्रिय हो चुके हैं। हाईटेक सट्टा के चलते सटोरिए पुलिस को बौना साबित कर रहे हैं। दरअसल, अब तक एक भी प्रकरण पुलिस के हाथ नही लग पाया है इससे सटोरियों के हौसले बुलंद हैं।

सट्टा के खेल में पुराने सभी वहीं चेहरे सामने आ रहे हैं जो पहले भी पुलिस के हाथ लग चुके हैं। लेकिन, तगड़ी सेटिंग के चलते अब सटोरियों के मन से पुलिस का भय खत्म हो चुका है। वहीं, ऑनलाईन सट्टा के चलते पहले भी कई लोग कर्ज के चलते आत्महत्या तक पहुंच चुके हैं। स्थानीय पुलिस टीम को अब ऐसी ही किसी घटना का इंतजार है। सटोरिए ऑनलाइन एप के माध्यम से मैच के साथ हर बाल पर सट्टा लग रहा है। जीत हार का दांव लगाकर क्रिकेट सट्टा के माध्यम से पैसे कमाने के चक्कर मे लोग कर्जदार बन रहे हैं। इसके लिए लोग घरेलू समान तक गिरवी रखने से नही चूक रहे। वहीं मोटे दर पर ब्याज लेने सूदखोर भी बाजार में सक्रिय हैं। जिसके चलते युवा पीढ़ी तेजी से बर्बाद हो रही है। 22 मार्च से आईपीएल का 18 वां सत्र शुरू हुआ है। सप्ताह भर में जहां प्रदेश भर में पुलिस ने कार्रवाई शुरु कर दी है वहीं जिले के किसी थाने और क्राईम टीम द्वारा अब तक एक भी कार्रवाई सामने नही आई है।

## पुलिस के हाथ अबतक एक प्रकरण भी नहीं लगा, जिले की साइबर टीम भी निष्क्रिय

### टीम बदलने की जरूरत

बता दें कि जिले में साइबर टीम में व्यापक फेरबदल की आवश्यकता महसूस की जा रही है। दरअसल, कई वर्षों से जमी टीम के सदस्यों का भय सटोरियों के मन में खत्म हो चुका है। कतिपय मित्रता तक पहुंचने के बाद कार्रवाई से भी हाथ कांपते हैं। नई टीम से अपराधियों और सटोरियों के मन में पुलिस अपना खौफ कायम करने में कामयाब होगी।



### अवसाद में जाते हैं लोग

कम लागत में ज्यादा धन कमाने के फेर में ज्यादातर युवा पीढ़ी आईपीएल सट्टा लगाकर शार्टकट में उलझी हुई है। दांव जितने पर ज्यादा धन पाने की भूख बढ़ जाती है, और लालच में दांव पर दांव लगाने लगते हैं। हारने पर लोग अपनी संपत्ति तक बेचते हैं। अवसाद में चले जाते हैं।

### देर शाम कार्रवाई सामने आई

समाचार लिखे जाने के अंतिम पलों में बागबाहरा पुलिस द्वारा सट्टा के खिलाफ की गई कार्रवाई सामने आई। जिसमें बागबाहरा पुलिस ने तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया । अलग-अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 6(क) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने छग फैंसी स्टोर्स के सामने डबरापारा जाने वाला रोड बागबाहरा से दिलीप पंडा पिता ज्ञानो पंडा (40 वर्ष) वार्ड नं 13 फुलवारीपारा बागबाहरा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद, दूसरे मामले में प्रमोद पाणिग्राही पिता स्व शेष देव पाणिग्राही (31 वर्ष) वार्ड नं 03 थानापारा बागबाहरा को उसके चाय दुकान से गिरफ्तार गया। वहीं तीसरे मामले के आरोपी नितेश परमार पिता महेश परमार (32 वर्ष) को बस स्टैंड के सामने मेन रोड बागबाहरा से गिरफ्तार किया गया।

**समस्या:** तालाबों के गंदे पानी से निस्तारी करने विवश हैं ग्रामीण

# गर्मी में हैंडपंपों के हलक सूखे बोरपंपों में पानी की धार पतली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- विभागों में जलाशयों से पानी छोड़ने व पेयजल व्यवस्था के लिए आवेदनों की लगी लाइन



जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते लगातार जलस्तर गिर रहा है। इससे पानी संकट गहराता जा रहा है। शहर में पेयजल की स्थिति सामान्य है। किंतु, जिला मुख्यालय के आसपास गांवों की स्थिति खराब है। गांवों में हैंडपंपों की हलक भी सूख गई है। वहीं कुओं और तालाब सूखने के कगार पर है। तालाबों का पानी गंद होने से निस्तारी की समस्या बनी हुई। लोगों को निस्तारी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ है। सबसे समस्या बेजुबान जानवरों व मवेशियों के लिए है। अब संबंधित विभागों में जलाशयों से पानी छोड़ने व पेयजल व्यवस्था के लिए आवेदनों की लाइन लग रही है।

मार्च माह बीतने को है। अभी से भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान भी लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही जिले में पानी की समस्या अब विकराल होती जा रही है। पेयजल व निस्तारी के लोगों में भारी संकट खड़ा गया है। कभी नहीं सूखने वाले कुओं व अन्य जलस्त्रोतों की स्थिति भी दयनीय है। कई गांवों में हैंडपंप खराब पड़े हैं। बोरपंपों में पानी का धार कम हो गया है। पानी नहीं चढ़ने के कारण अधिकांश जगहों पर जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकियां सूखी पड़ी है।

### गंदे पानी में नहा रहे लोग, स्वास्थ्य पर असर

जिला मुख्यालय के समीप प्रायः सभी गांवों की स्थिति पेयजल को लेकर खराब है। ग्राम खरोरा, बेमचा, परसदा, नवापारा, तुमाडबरी, कौंदकेरा, सोरिद, बनसिवनी आदि गांवों में पानी संकट है। अधिकांश गांवों के तालाबों में पानी कम हो गया है। जहां पानी है, वह गंदा हो गया है। लोग मजबूरी में निस्तारी कर रहे हैं। इससे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

### विभागों में पहुंच रहे आवेदन

अब संबंधित विभाग में जलाशयों से पानी छोड़ने व पेयजल व्यवस्था की मांग व आवेदनों की लंबी लाइन लग रही है। ग्राम कौंदकेरा, सोरिद, नवापारा समेत अनेक गांवों के लोगों ने संबंधित विभाग में जिले के सबसे वृहद कोडार जलाशय से पानी छोड़ने की मांग की है। ताकि, गांवों में पानी की जलस्तर ऊपर आ सकें।

# सब्जी व्यवसायी के घर चोरी एक आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

एक दिन पहले हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चोरी के आरोपी को तो गिरफ्तार कर लिया। लेकिन, आरोपी ने 56 हजार की चोरी को अंजाम दिया और केवल तकरीबन 6 हजार रुपए का ही सामान जब्त हो पाया। एक ही दिन के भीतर चोर ने नगद रकम कहां खर्च कर दी इसकी जानकारी पुलिस द्वारा सार्वजनिक नही की गई है। बता दें कि नगर के महामाया पारा निवासी एक सब्जी व्यवसायी के घर से सोने-चांदी के आभूषणों व नगद रकम सहित तकरीबन 56 हजार रुपए की चोरी हुई। जिसकी रिपोर्ट के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया।

**यह था मामला:** पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि प्रार्थी 26 मार्च की सुबह करीब 4.30 बजे घर से सब्जी मार्केट आ गया था और उसकी पत्नी पायल चंद्राकर दोनों बच्चों को साथ लेकर घर का दरवाजा बंद कर सड़क की ओर घूमने चली गयी। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी का लड़का उसके पास लगभग 05.30 बजे आया और कहा कि मम्मी बुला रही है। तब प्रार्थी के घर पहुंचने पर उसकी पत्नी ने बताया कि वह दोनों बच्चों के साथ घूमकर घर वापस आयी तो दरवाजा की संकली खुली हुई थी और घर अंदर जाकर देखने पर आलमारी भी खुली थी और उसके अंदर रखा एक जोड़ी सोने का झुमका 12 ग्राम कीमत 30000 रुपए, एक चांदी का करधन वजनी 300 ग्राम कीमत 10000 रुपए, एक जोड़ी चांदी की पायल वजनी 42 ग्राम कीमत 3000 रुपए, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया कीमत 1000 रुपए, एक जोड़ी चांदी का चूड़ा कीमत 1000 रुपए, नगदी रकम लगभग 6000 रुपए और बिस्तर में रखा एक मोबाइल कीमत 5000 रुपए कुल 56000 रुपए के सामान की चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।



**ऐसे पकड़ा गया**

विवेचना के दौरान पुलिस की टीम ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया, इसके बाद संदिग्ध लोगों की खोजबीन की जा रही थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि सीसीटीवी फुटेज से मिलता जुलता व्यक्ति कृषि मंडी महासमुंद में घूम रहा है कि पुलिस की टीम के द्वारा मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकडा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम नोहर ध्रुव पिता अघनु ध्रुव (32 वर्ष) निवासी खाल्हेपारा वार्ड नं. 24 सुभाष नगर, महासमुंद का होना बताया। जिससे उक्त चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर प्रार्थी के घर से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक नग चांदी का करधन, एक जोड़ी चांदी का पायल, एक जोड़ी चांदी बिछिया, एक नग मोबाईल एवं नगदी रकम 175 रुपए जब्त कर थाना महासमुंद अपराध धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# इंटर्नशिप में शामिल हुए 63 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के कृषि विषय के 63 छात्रों को चंद्राकर कृषि फर्म बेलसोंडा और लक्ष्मी ऑर्गेनिक बरोंडा बाज़ार में 10 दिवस इंटर्नशिप कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित जानकारियां जैसे वर्मी कंपोस्ट, उन्नत सब्जी की खेती, धान की खेती, मछली पालन एवं मुर्गी पालन एवं अन्य कौशलों का व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया। चंद्राकर कृषि फर्म बेलसोंडा और लक्ष्मी ऑर्गेनिक प्रमुख के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को यह प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य शोभा सिंहदेव एवं समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही प्राचार्य शोभा सिंहदेव द्वारा यह भी कहा कि प्रशिक्षण से विद्यार्थियों के करियर निर्माण में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक प्रशिक्षक धनेंद्र कुमार कृषि विषय के प्रशिक्षक ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिये लाभदायक साबित होगा।

# नपा उपाध्यक्ष ने किया बस स्टैंड का निरीक्षण, मिली कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बस स्टैण्ड का औचक निरीक्षण किया। शिकायत मिली थी कि बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय में महिलाओं से बाथरूम जाने का 10 रुपए मनमानी पूर्वक लिया जा रहा है। सुलभ शौचालय के ठेकेदार को हिदायत दी गई कि बाथरूम जाना निःशुल्क है, उनसे वसूली न की जाए। नहाने एवं शौच का ही निर्धारित शुल्क लें अन्यथा नगर पालिका ठेका परिवर्तन करेगी। वाटर एटीएम का भी निरीक्षण किया गया, जो जर्जर हालत में है। सीएमओ से चर्चा की गई। 10-15 दिन में वाटर एटीएम चालू करने कहा गया। इसी तरह यात्री प्रतीक्षालय कई वर्षों से जालों से भरा हुआ है। साफ करने के लिए प्रभारी को कहा गया। पंखे एवं लाइट भी नहीं है, गर्मी का मौसम है, नितान्त आवश्यक है। सीएमओ को तत्काल व्यवस्था करने के लिए अवगत कराया गया। बस स्टैंड के अंदर रूम है, जिसमें ताला महीनों से लगा हुआ है। उसके चाबी की कोई जानकारी नहीं है। आसपास के लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि शराब का अड्डा बना हुआ है। बस स्टैंड में शराब माफियाओं का आतंक चल रहा है। रैन बसेरा में महिला रैन बसेरा के तरफ सेप्टिक टैंक नहीं है, इसकी जानकारी प्राप्त हुई। बस स्टैंड में संचालित दाल भात सेंटर का भी निरीक्षण किया गया, जहां पर देखा गया कि खाना पकाने की व्यवस्था साफ सुथरा थी। प्रतिदिन 300 से 400 लोग दाल भात सेंटर में 5 रुपए प्रति थाली भोजन करते है। उनके संचालक को आस पास साफ सुथरा रखने को कहा गया। सभी बातों से सीएमओ को अवगत करा कर कहा गया कि शीघ्र ही व्यवस्था को दुरस्त किया जाए। समय-समय पर बस स्टैंड का अधिकारियों को निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान गौरव राठी, रोशन बग्गा, तिलक पटेल, सार्थक साहू एवं बस स्टैंड के नागरिक उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सभी जिला मुख्यालय में हुआ प्रदर्शन**

# कांग्रेसियों ने फूंका सीबीआई का पुतला, कार्रवाई का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान एवं जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में महासमुंद कांग्रेस भवन के समक्ष केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई का पुतला दहन कर महासमुंद कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास एवं कार्यालय में की गई द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर समस्त जिला मुख्यालय में केंद्र, राज्य व भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला दहन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुतला दहन के माध्यम से कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार को चेतावनी दी कि गलत तरीके से केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करते हुए कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ सिर्फ दबाव बनाने एवं परेशान करने की जो परंपरा चलाने की कोशिश की जा रही है, जिससे कांग्रेस कमेटी डरने वाली नहीं है। कांग्रेसियों का कहना है कि जब वह अंग्रेजों से नहीं डरे तो फिर केंद्र सरकार के दबाव में काम करने वाले एजेंसीयो से डरने वाली पार्टी नहीं है। कांग्रेस जब तक भाजपा की सरकार और ईडी वा सीबीआई परेशान करेगी, तब तब कांग्रेस के कार्यकर्ता इनका भरपूर विरोध करेंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, सचिन गायकवाड़, तुलसी साहू, नितेंद्र बैनर्जी, सचिन गायकवाड़, मो.शकील खान, सुनील चंद्राकर, लीलू साहू दिनेश दुबे, कातिका पैकरा, देवेश शर्मा, हर्षित चंद्राकर, अजय थवाईत, सन्नी महानंद, राजू बुंदेला डॉ. एजाज नकवी, टोमन सिंह कागजी, रवि साहू, बसंत चंद्राकर, तुलसी देवदास, भानु सोनी इत्यादि कांग्रेस जन उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### साय सरकार की अब तक कोई उपलब्धि नहीं : रश्मि

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि ईडी और आईटी के छापे से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके कर्मों का फल मिल रहा है? पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कर्म छत्तीसगढ़ियावाद को बढ़ावा दिया। छत्तीसगढ़ी तीज त्योहारों को राष्ट्रीय पहचान दिलाया। छत्तीसगढ़ियों को धान की असली कीमत दिलाई। राजिम कुंभ का नाम पुन्नी मेला किया, छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति हर जिले में लगवाया, छत्तीसगढ़ में बिहार तिहार का विरोध किया, ये सब परदेशियावादी पार्टी कहां सह पाएगी? आगे डॉ रश्मि ने कहा कि भाजपाइयों को भूपेश बघेल का खौफ कितना है समझिये एक महीने के अंदर दो बार छापे डाले गए।

# शिकायत के बाद भी भ्रष्टाचार की जांच नहीं, गुस्साएं ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पटेवा

- ग्राम भावा के पूर्व सरपंच द्वारा लाखों रुपए मनमानी तरीके से किया आहरण

ग्राम पंचायत भावा के पूर्व सरपंच पर लाखों रुपए के भ्रष्टाचार की शिकायत ग्राम विकास समिति रामसागर एवं भावा के लोगों द्वारा कलक्टर जनदर्शन में की है। परंतु, आज तक कोई कार्रवाई नही की जा रही न ही कोई जांच। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश हैं। ग्रामीणों ने बताया पूर्व सरपंच भावा बिमला लखन साहू द्वारा अपने पति लखन साहू, अपने बच्चे खिलेश्वरी एवं स्वयं के नाम पर नरेगा के तहत 2020 से 2024 तक गलत ढंग से हाजिरी डाल कर राशि निकाली गई। स्वच्छता के नाम पर 10 लाख का आहरण किया। जबकि, कही कोई कार्य नहीं हुआ। पंचायत के चपरासी के खाते में साफ सफाई के नाम पर लाखों का आहरण, पेयजल पाइप नलकूप रिपेयरिंग में लाखों रुपए की आहरण, पाइप लाइन विस्तारीकरण के नाम पर 2800000 लाख की आहरण, वाटर हार्वेस्टिंग के नाम पर 14100 का आहरण एवं अन्य आकस्मिक कार्यो के नाम पर लाखों का आहरण किया गया है। जबकि कार्य हुआ ही नही है। सिर्फ कागज में ही दिख रहा है। इस सब की शिकायत जनपद सीईओ एसडीएम महासमुंद एवं जनदर्शन में ग्रामीणों द्वारा की जा चुकी है। फिर भी आजतक कोई जांच नही की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की बात कही है।

# एमसीएच/डीएम के स्टाइपेंड की विसंगति पर राहत के छीटें, सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विसंगति की लगातार शिकायत के बाद एमसीएच/ डीएम के डाक्टर का स्टाइपेंड दो हजार रुपए बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त कार्यालय से शासन को भेजे गए इस प्रस्ताव पर सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों में नाराजगी है। अभी सुपरस्पेशलिटी कोर्स की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को एमडी-एमएस यानी पीजी डाक्टरों के बराबर स्टाइपेंड मिलता है।

राज्य में सुपरस्पेशलिटी कोर्स का संचालन कुछ ही विषयों में किया जाता है। इसकी पढ़ाई पीजी पूरी करने के बाद शुरू होती है, मगर इन डाक्टरों को शिष्यवृति पीजी डाक्टरों के बराबर मिलती है। सीजीडीएफ सहित विभिन्न चिकित्सक संगठनों ने इस वेतन विसंगति को दूर करने के लिए एमपी सहित की राज्यों में दिए जाने वाले स्टाइपेंड का अध्ययन कर अधिकारियों से मांग की गई थी। लगातार उठने वाली मांग के बाद सुपरस्पेशलिटी पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल द्वारा प्रस्ताव बनाकर चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को भेजा गया था। वहां के स्टाफ ने अध्ययन और संशोधन के बाद वर्तमान में मिलने वाली राशि में दो हजार रुपए की बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर शासन के पास स्वीकृति के लिए भेज दिया।

इस प्रस्ताव की जानकारी के बाद सुपरस्पेशलिटी की पढ़ाई करने वाले डाक्टर नाराजगी है। उनका तर्क है कि राज्य में सेवा देने वाले सुपरस्पेशलिटी डाक्टर्स का अलग कैडर नहीं होने की वजह से उन्हें पीजी चिकित्सक के बराबर वेतन मिलता है। काफी समय से उनके वेतन की बढ़ोतरी की तरफ ध्यान नहीं दिया गया जिसकी नए चिकित्सक ज्वाइनिंग की तरफ ध्यान नहीं देते है, वहीं पुराने डाक्टर्स नौकरी छोड़ रहे हैं।

### हास्टल शुल्क कम करने की तैयारी

सुपरस्पेशलिटी विषयों की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को अलग से हास्टल की व्यवस्था नहीं होने की वजह से डीके अस्पताल के पेइंग रूम में आवास सुविधा दी गई है। इसके लिए यहां एसी, पंखा, एलईडी, टीवी, गीजर माईक्रोवेव, बेड, सोफा, स्टडी टेबल की सुविधा है। डाक्टरों से इसके लिए 5 हजार रुपया प्रतिमाह किराया लिया जाता है। इस राशि को कम कर 2500 करने का प्रस्ताव बनाकर भी शासन को स्वीकृति के लिए प्रेषित किया गया है।



### सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों का स्टाइपेंड

| वर्ष | वर्तमान | प्रस्तावित | डिमांड |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 67500 | 70000 | 78000 |
| द्वितीय वर्ष | 71450 | 73000 | 82000 |
| तृतीय वर्ष | 74600 | 76000 | 86000 |

- दो हजार की वृद्धि का सीएमई कार्यालय से प्रस्ताव, शासन से मांगी अनुमति
- अभी पीजी डाक्टरों के बराबर मिलती है शिष्यवृति, पढ़ाई उससे आगे की

## खबर संक्षेप



### साराडीह में चैत्र नवरात्रि का आयोजन 30 से

**बिरकोनी।** ग्राम साराडीह जय महामाया शीतला समिति के सदस्यों द्वारा चैत्र नवरात्र महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यहां भक्तों द्वारा प्रत्येक नवरात्र में धार्मिक आयोजन किया जाता है। ग्राम के कुल देवी की पूजा अर्चना व पाठ आचार्य द्वारा किया जाएगा। अध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर ने बताया कि सभी तैयारी पूर्णता की ओर है। यहां मंदिर से लेकर घरों तक नवरात्र के रंग बिखरे रहते है। वहीं प्रथम दिवस 30 मार्च रविवार को ज्योति प्रज्वलित प्रातः 11:31 से दोपहर 12:31 मिनट तक होगा। पंचमी पूजन दिन बुधवार, सप्तमी शुक्रवार, अष्टमी हवन शनिवार को होगा। नवमी कन्या पूजन रविवार को नौ कन्या भोज का आयोजन मंदिर परिषद में किया जाएगा। जिसमें सभी बालिकाओं की उपस्थिति रहेगी।



### राम भजन में झूमते रहे सभी श्रद्धालु

**रायपुर।** टाटीबंध महोबा बाजार स्थित बरसाना एंक्लेव में श्रीराम कथा के अंतिम दिवस बुधवार को कथावाचक संत शिरोमणि राम ज्ञानी ने राम राज्य को परिभाषित किया। महाराज ने सभी श्रोताओं से चढ़ौती के रूप में अपनी बुराई को चढ़ाने के लिए कहा। इसके बाद सभी भक्त राम भजनों में झूमते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस कार्यक्रम को आयोजन समिति के प्रमुख अध्यक्ष गोपाल टावरी व उनके सहयोगी टीम, बरसाना परिवार और महिला समिति का विशेष सहयोग रहा, जिसमें प्रमुख रूप से मंजू अग्रवाल, शोभा गुप्ता, प्रेमा टावरी, मीरा हरितवाल, सरोज मित्तल, माया वर्मा, सोनल बंसल, उषा गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### भक्ति की शक्ति में डूबेगा धोबी समाज



**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर नातिन धोबिन दाई परिसर में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। साथ ही जवारा का भी जुलूस निकाला जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी बैठक में गांव-गांव से सामाजिक श्रद्धालु पहुंचे। बैठक में धोबी समाज के लोगों ने कहा, सभी समाज अपने इष्ट देवी को मानते हैं पूजा करते हैं श्रद्धा से हम लोग भी पीछे नहीं रहेंगे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने समाज को जागृत किया है और धर्म कर्म के बारे में सब को जानकारी दिया है और हम सभी जागृत धीरे-धीरे हो रहे हैं। 30 मार्च से सभी अपने-अपने सामर्थ के अनुसार सेवा देंगे और पंडा की भागीदारी निभाएंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, सुनील निर्मलकर सहित अनेक लोगों ने संबोधित कर अपने विचार व्यक्त किया और ग्रामीण जनों को गांव गांव में स्थित देवी के प्रति आवहान चलाने का आव्हान किया।

### शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर।** अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस के अंतर्गत दुर्गा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब, बिलासा ब्लड केंद्र और एलजी केयर टुडे की ओर से लगाया गया। शिविर में लगभग 60 लोगों ने रक्तदान किया। ऑफिस स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को रक्तदान करना चाहिए।

## अधिकारी, कर्मचारी पेशोपश में, 225 करोड़ के प्रोजेक्ट अधूरे

# स्मार्ट सिटी 5 दिन का मेहमान, 8 प्रोजेक्ट अधूरे, केंद्र की गाइड लाइन का हो रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


हरिभूमि सरोकार

रायपुर स्मार्ट सिटी मिशन महज 5 दिन का मेहमान है, जबकि 8 प्रोजेक्ट अधूरे हैं। इसमें शहर के तीन तालाबों में बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, शहर के 15 वार्डों में मोतीबाग और गंज पानी टंकी से 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना, शास्त्रीबाजार, नए मटन मार्केट का निर्माण संबंधी प्रोजेक्ट शामिल हैं। केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार 31 मार्च तक समय रायपुर स्मार्ट सिटी के लिए तय है। ऐसे में अधिकारी व कर्मचारी पेशोपश में हैं कि बचे हुये 8 प्रोजेक्ट का काम कैसे कराया जाये। जो प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं उसके हेंडओवर को लेकर अब तक कोई दस्तावेज तैयार नहीं किये हैं।

### 225 करोड़ के प्रोजेक्ट अधूरे

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा करीबन 9 साल में 312 प्रोजेक्ट पर काम किया गया। इसके लिए स्वीकृत 1 हजार करोड़ रुपये में से 872 करोड़ रुपये खर्च किये गये। इसमें शहर के ऐतिहासिक महराजबंद तालाब, नरैया तालाब, खो-खो बंधवा और पहलदवा तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण संबंधी प्रोजेक्ट अहम है। साथ ही पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत राजधानी के 15 वार्डों में 24 जल आपूर्ति की योजना खास है। इन प्रोजेक्ट करीबन 225 करोड़ के हैं। जो तय समय अवधि से 2 से 3 पीछे चल रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 3 तालाबों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का काम पूरा होने में 6 माह और लग सकता है। इसी तरह मटन मार्केट का काम पूरा होने अभी समय लगेगा।

### 3 तालाबों में एसटीपी निर्माण, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट सहित 24 घंटे जल आपूर्ति का प्रोजेक्ट




### केंद्र की गाइड लाइन का इंतजार

स्मार्ट सिटी रायपुर का कार्यकाल 31 मार्च को पूरा हो रहा है। आगे क्या होगा इसे लेकर अब तक कोई अधिकारिक जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में स्पष्ट दिशा निर्देश मिले हैं कि नया प्रोजेक्ट नहीं लिया जायेगा, पहले से जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं, उसी पर काम करना है। जैसे दिशा-निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार काम किया जायेगा।

\- **पीके पंचायती,** महाप्रबंधक, तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### हैंडओवर को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधे-अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करना जहां अधिकारियों के समक्ष एक बड़ी चुनौती है, वहीं 100 से अधिक ऐसे प्रोजेक्ट जिनका संचालन व संधारण रायपुर स्मार्ट सिटी कर रही है उसके हेंडओवर की प्रक्रिया क्या होगी? नगर निगम को हेंडओवर करने पर फंड की व्यवस्था कहां से होगी इसका जवाब विभागीय अधिकारियों के पास नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रायपुर स्मार्ट के पास 128 करोड़ रुपये बचे हुये हैं। यह पैसा डिमांड व कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर मिल सकता है। जिसके लिए कोशिश की जा रही है।

### एसटीपी का काम सब कांट्रेक्टर से कराने की तैयारी

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 तालाबों में गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए 20 करोड़ खर्च कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का ठेक पुणे की जिस एजेंसी को दिया है संबंधित एजेंसी समय पर काम पूरा नहीं कर पा रही। बार-बार नोटिस के बाद भी काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए अब बचे हुये कार्य को सब कांट्रेक्टर से कराने की तैयारी है। कुल मिलाकर यह तय है बारिश से पहले महराजबंद तालाब, नरैया तालाब और बंधवा तालाब में एसटीपी निर्माण का काम पूरा नहीं हो पायेगा।

# मर्चेंट एसोसियेशन ने महापौर को निगम बजट के लिए दिए सुझाव



- गांधी सदन में महापौर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोलबाजार मर्चेंट एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने गांधी सदन में अध्यक्ष सतीश जैन और वार्ड पार्षद मुरली शर्मा के नेतृत्व में महापौर मीनल चौबे से मुलाकात की। इस मौके पर व्यापारियों ने नगर निगम के आगामी बजट को लेकर 13 बिंदुओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुये महापौर का ध्यान आकर्षि कराया। चर्चा के दौरान मीनल चौबे ने कहा गोलबाजार की प्रसाधन समस्या को प्राथमिकता से लिया जायेगा। साथ ही अन्य प्रस्तावों पर विचार कर बजट में शामिल करेंगे। इस मौके पर कलीराम साहू, संतोष रावत, पुरुषोत्तम जोशी शामिल रहे।

### इन बिंदुओं पर दिये सुझाव

- नगर निगम के अनुज्ञप्ति लाइसेंस प्रणाली की अवधि एक साल से बढ़ाकर 5 साल किया जाये।
- मालवीय रोड स्थित नगर निगम के पुराना मुख्यालय वाली खाली जगह पर वेंडिंग जोन बनाने का सुझाव।
- मालवीय रोड, बंजारी चौक, गोलबाजार, सदरबाजार क्षेत्र में सार्वजनिक प्रसाधन की व्यवस्था नहीं है, वहां ई -टायलेट की व्यवस्था नगर निगम के माध्यम से हो।
- अवैध निर्माण, ठेले -खोमचे द्वारा बढ़ते अतिक्रमण की रोकथाम के लिए मोबाइल वैन बनाकर समय रहते कार्यवाही करने का सुझाव।
- नगर निगम के कार्यालयों में बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने और सीसीटीवी कैमरा लगाया जाये।
- मच्छरों की समस्या से निजात पाने बंद पड़ी सीवर लाइन को शुरू करने का सुझाव।
- नगर निगम द्वारा मोक्षदाह सेवा शुरू किया जाये और अंतिम संस्कार के लिए जरूरतमंदों को निःशुल्क लकड़ी दी जाये।

# युवाओं की अनुकरणीय पहलः पुरंदर भोई की पुत्री के विवाह में मित्र मंडल ने किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



रेमडा में सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए स्व. पुरंदर भोई की पुत्री के विवाह में युवाओं की एक टोली ने बर्तन और अन्य आवश्यक सामग्रियों का सहयोग प्रदान किया। इस पहल का नेतृत्व ऋषिकेश भोई, उग्रसेन साखरे और पूर्णचंद भोई ने किया, जिनके साथ मित्र मंडल के अन्य सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मित्र मंडल के सदस्यों ने कहा कि यह समूह समाज में उन परिवारों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगा, जिन्हें शादी या अन्य कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी। यह पहल केवल एक सहयोग नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व की भावना को भी दर्शाती है।

### शादी समारोह में युवाओं की भागीदारी

हाल ही में संपन्न हुए विवाह समारोह में मित्र मंडल के सदस्य परिवार से मिलने पहुंचे और अपनी खुशी जाहिर की। इस मौके पर उपस्थित युवाओं में उग्रसेन साखरे, अनिल विशाल, गोवर्धन यादव, जितेंद्र दाऊ, पूर्णचंद भोई, जितेंद्र साखरे, उग्रसेन पटेल, लक्ष्मी यादव, सुरेश विशाल, गजेंद्र भोई, मोहन खंडेल, देवेंद्र नेताम, देवेंद्र डड़सेना, लोकनाथ नेताम, शुकुल सिदार और दयंत भोई शामिल थे। परिवार ने इस सहयोग के लिए मित्र मंडल के प्रति आभार प्रकट किया और युवाओं की इस पहल की सराहना की।

### युवा आगे आएं, जरूरतमंदों की करें सहायता

मित्र मंडल के सदस्यों ने समाज के अन्य युवाओं से भी इस पहल से जुड़ने की अपील की, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। यह टीम हमेशा किसी भी खुशी या दुःख के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ी रहेगी और हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

### शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक किशोरी ने एक युवक के खिलाफ शादी करने का झांसा देकर रेप की रिपोर्ट दर्ज कराई है। 17 वर्षीय किशोरी ने फलेश्वर वर्मा के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। किशोरी ने पुलिस को बताया है कि फलेश्वर के साथ उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई है। फलेश्वर ने किशोरी को शादी करने का झांसा देकर चंगोराभाठा में बुलाकर रेप किया। शादी करने दबाव बनाने पर फलेश्वर ने किशोरी से शादी करने से इनकार कर दिया।

### मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग मामलों में शिवानंदनगर में दो लोगों को मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा संचालन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सट्टा संचालन करने के आरोप में पुलिस ने इरशाद खान तथा नवीन सोनवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया है।

# महासमुंद नपा में हुई सभातियों की नियुक्त विभाग भी बंटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्य नगर पालिका अधिकारी महासमुंद ने छग नगर पालिका अधिनियम की धारा 70 के अंतर्गत तथा नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के पत्र में प्रस्तावित सदस्यों से प्रेसीडेन्ट इन कौसिल का गठन कर प्रभारी सदस्यों को विभाग आबंटित किया गया है। इसमें नपा उपाध्यक्ष व पार्षद वार्ड 14 देवीचंद राठी को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग सभापति, पार्षद वार्ड 02 जय कुमार देवांगन को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग सभापति, पार्षद वार्ड के 27 गुलशन कुमार साहू को जलकार्य विभाग सभापति, पार्षद वार्ड के 09 बबलु सुरज नायक को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग सभापति, पार्षद वार्ड के 05 जितेन्द्र देवनारायण ध्रुव को राजस्व तथा बाजार विभाग सभापति, पार्षद वार्ड के 15 ईश्वरी भोई को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुर्नवास तथा नियोजन विभाग का सभापति एवं पार्षद वार्ड के 01 ज्योति रिन्कु चन्द्राकर को शिक्षा महिला तथा बाल कल्याण विभाग का सभापति बनाया गया है।

# गर्मियों का मौसम निर्माण कार्यों के लिए अनुकूल, तेजी से पूरे करवाएं कार्य : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- वित्त मंत्री चौधरी के अधिकारियों को निर्देश, बारिश के पहले निर्माण कार्यों में दिखनी चाहिए अपेक्षित प्रगति, गुणवत्ता का भी रखा जाए पूरा ख्याल

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों से कहा कि जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें बारिश शुरू होने से पहले गर्मियों में पूरी तेजी के साथ करवाएं, काम में गुणवत्ता का भी पूरा ख्याल रखा जाए। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने यह बात आज रायगढ़ कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने विभागों में चल रहे प्रोजेक्ट व निर्माण कार्यों के साथ बजट में प्रस्तावित नए कार्यों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि गुड गवर्नेंस स्थापित करना है इसके लिए सभी फील्ड में अपनी जिम्मेदारियों का कुशलता के साथ निर्वहन करें, पॉजिटिव रिजल्ट देने के लिए काम करें। समीक्षा बैठक में महापौर जीवर्धन चौहान, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे।

बैठक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण में क्वालिटी सबसे जरूरी है। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण के दौरान टैक्टर के केजव्हील से सड़क को होने वाले नुकसान के रोकथाम के लिए किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत भवनों के निर्माण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर निगम द्वारा शहर में बीटी सड़क निर्माण के साथ ही अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भवन निर्माण के ड्राइंग डिजाइन तैयार करते वक्त उपलब्ध भूमि का सही तरह से उपयोग करने के निर्देश दिए। जिससे भविष्य में यदि उस प्रोजेक्ट के विस्तार की आवश्यकता हो तो वहां किया जा सके। इसके लिए लेटरल स्पेस के स्थान पर हाइ राइस बिल्डिंग का निर्माण विकल्प हो सकता है। उन्होंने नवीन स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि का चिन्हांकन कर प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सड़क व भवनों के साथ पुल-पुलिया तथा निर्माण के प्रगति के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने मेडिकल कॉलेज के कार्यों की भी समीक्षा की। रायगढ़ कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज को दी गई भूमि के सीमांकन और बाउंड्री निर्माण का काम किया जाना है। इसके लिए राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अन्य निर्माण कार्यों के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में नियमित रूप से ब्लड डोनेशन कैंप लगाने के निर्देश दिए।

# मल्टीलेवल से ज्यादा कलेक्टोरेट परिसर में वाहन की पार्किंग, हर रोज जाम की स्थिति बन रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों रुपए खर्च करके कलेक्टोरेट चौक पर 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। यह मल्टीलेवल पार्किंग निःशुल्क है। वाहन को पार्क करने के लिए कोई शुल्क लिया नहीं जाता। इसके बाद भी इस मल्टीलेवल पार्किंग से ज्यादा कलेक्टोरेट परिसर में गाड़ियां पार्क की जा रही हैं।

प्रशासन की ओर से कलेक्टोरेट में प्रवेश के लिए दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट पहनना और चारपहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस नियम का पालन करते हुए हर दिन सैकड़ों गाड़ियां कलेक्टोरेट परिसर में ही प्रवेश कर रही हैं, जबकि पार्किंग के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। गाड़ियों की संख्या बढ़ने से कलेक्टोरेट परिसर के अंदर भी हर दिन जाम की स्थिति बनती रहती है।

### मल्टीलेवल के सामने भी लग रहा हर रोज जाम

मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ियां पार्क नहीं कर ज्यादातर लोग अब मल्टीलेवल और जिला पंचायत भवन के सामने सड़क पर गाड़ियां पार्क कर रहे हैं। यहां ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शाओं की सवारी बिठाने के लिए दिनभर लाइन लगी रहती हैं। इन कारणों से हर रोज यहां भी जाम लगा रहता है।

### गार्डन के दोनों तरफ बने पाथवे पर भी गाड़ियां कर दी पार्क

कलेक्टोरेट परिसर में स्थित गॉर्डन के दो तरफ लोगों के चलने के लिए पाथ-वे बनाया गया है। परिसर में कभी-कभी ऐसी स्थिति रहती है कि दोपहिया गाड़ियों को पाथ-वे या फिर पाथवे के अंदर जाने एवं बाहर निकलने लिए बनाए गए कट के सामने भी लोग गाड़ियां पार्क कर देते हैं, जिससे पाथवे का रास्ता ही बंद हो जाता है।



### एसपी भवन के बगल में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति

एसपी भवन के बगल में खाली प्लॉट है। ज्यादातर चार पहिया इसी प्लाट में पार्क की जाती हैं। इन गाड़ियों में ज्यादातर वकीलों की गाड़ियां रहती है, जबकि कोर्ट परिसर में उनके लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था है। कलेक्टोरेट परिसर से कोर्ट जाने का रास्ता होने के कारण बड़ी संख्या में वकील अपनी गाड़ियां यहीं पार्क करते हैं।



### वीवीआईपी मूवमेंट व कार्यक्रम के दौरान और बिगड़ जाती है व्यवस्था

कलेक्टोरेट परिसर में वैसे तो क्षमता से ज्यादा गाड़ियों की पार्किंग से हर दिन व्यवस्था बिगड़ती है, लेकिन यह व्यवस्था उस दिन और बिगड़ जाती है, जब शहर में कोई वीआईपी, वीवीआईपी मूवमेंट या फिर किसी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस दौरान कलेक्टोरेट के मुख्य गेट पास तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को भी यहां से हटाकर वीआईपी ड्यूटी या कार्यक्रम स्थल पर लगा दिया जाता है। इसके कारण उस दिन बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाए चालक भी वाहन को कलेक्टोरेट परिसर में जाकर पार्क करते हैं। इसके कारण उस दिन यहां सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनी रहती है। दो दिन पहले ही राष्ट्रपति का रायपुर आगमन हुआ था। इस दिन कलेक्टोरेट के मुख्य गेट से ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हटाकर वीआईपी ड्यूटी में लगा दिया गया था। इसके कारण इस दिन कलेक्टोरेट परिसर में दोपहिया एवं चारपहिया गाड़ियों की संख्या इतना ज्यादा हो गई थी कि आम लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था।

**खबर संक्षेप**

### सेंट विंसेंट पलोटी की 3 का नवोदय में चयन






**सरायपाली।** सेंट विंसेंट पल्लोटी इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटेला में अध्ययनरत तीन विद्यार्थी अक्षिका जगत पिता धीरेंद्र जगत, अंकित भोई पिता गुणवंत भोई एवं खिरसागर कश्यप पिता सुंदर सिंह कश्यप का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। तीनों विद्यार्थियों के चयन होने पर स्कूल के प्राचार्य व कैलाश तांडी सहित सभी शिक्षकों, परिवार जन हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### अखंड रामायण 6 से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। यह रामायण सम्मेलन 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक होगा। प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001, चौथा पुरस्कार 3001, पांचवें पुरस्कार 2001 रुपए रखा गया है और प्रत्येक मांनस मंडली को 1100 रुपए दिया जाएगा। यह जानकारी रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने दी है।

### नवोदय में छात्रों का चयन

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी के आइडियल कॉन्वेंट स्कूल से इस बार फ़िर बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ। सत्र 2025-26 के लिए इन बच्चों का कक्षा छठवीं में दाखिला होगा। लक्की आड़े पिता संजय आड़े, अंशु चक्रधारी पिता संतोष चक्रधारी, साहिल पटेल पिता उकेश्वर पटेल चयनित हुए हैं। शाला परिवार की तरफ़ से सभी बच्चों, पालकों व शिक्षकों को हार्दिक बधाई। ज्ञात हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन विगत 18 जनवरी को हुआ था। महासमुंद ब्लॉक के आइडियल कॉन्वेंट स्कूल से प्रति वर्ष बच्चों का चयन होता आ रहा है। विद्यालय में चयन परीक्षा हेतु विशेष तैयारी कराई जाती है।





# संबलपुर डिविजन रेलवे सलाहकार समिति के पुनः सदस्य मनोनीत हुए डॉ पाणिग्राही

## प्रथम बैठक में रखे गए प्रस्ताव स्वीकृत हुए, नवागांव अंडर ब्रिज सड़क रिपेयरिंग एवं जलजमाव का होगा स्थाई समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारतीय रेलवे के पूर्व तट रेलवे अंतर्गत संबलपुर डिवीजन का सलाहकार समिति डीआरयूसीसी का पुनर्गठन हुआ। डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही पुनः इस समिति में सदस्य मनोनीत हुए हैं। ज्ञातव्य है कि डॉ पाणिग्राही पिछली समिति में भी सदस्य थे। उन्होंने इस दरमियान रेल उपयोगकर्ताओं के अनेक समस्याओं को तथा ट्रेनों के स्टॉपेज संबंधित मांगों को प्रमुखता से रखा।

नवगठित रेलवे सलाहकार समिति की प्रथम मीटिंग ओरियंटेशन सेंटर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी डेब्रिगढ़ संबलपुर में एडीआरएम आनंद सिंग, सीनियर डीसीएम गरिमा तिवारी, सीनियर डीईएन अंकित वर्मा एवं अन्य संभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। इस मीटिंग में भी डॉ पाणिग्राही ने एजेंडा आइटम नंबर 1 अंतर्गत नवागांव ओवरब्रिज एलएचएस पार करने वाली सड़क की जर्जर स्थिति का ध्यानाकर्षण किया तथा इसे सॉलिड बेस सीमेंट या डामरीकृत कर अच्छे से रिपेयरिंग करने का मुद्दा उठाया। साथ ही अंडरब्रिज के नीचे लगातार सीपेज एवं बारिश में पानी भर जाने मार्ग अवरुद्ध होने का मुद्दा उठाया तथा इसके स्थाई समाधान की मांग रखा। जिसे स्वीकृत किया गया। कार्य शीघ्र शुरू होगा एवं मानसून के पहले पूरा हो जाएगा। एजेंडा आइटम नंबर 2 अंतर्गत कोमाखान में अंडर ब्रिज



एलएचएस का निर्माण, रेलवे क्रॉसिंग एलसीगेट के दोनों तरफ लाइटिंग करने की मांग रखी । इसे भी स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त नॉन एजेंडा आइटम अंतर्गत समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाने गायत्री परिवार ट्रस्ट समिति महासमुंद की मांग तथा ओवरब्रिज आरओबी बनाने की रेलवे संघर्ष समिति कोमाखान की मांग, ट्रेन नंबर 12145/12146 पुरी से एलटीटी से पुरी एक्सप्रेस के बागबाहरा स्टॉपेज के लिए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया की मांग के लिए संबलपुर डिवीजन द्वारा प्रस्ताव बनाकर रेलवे हेड ऑफिस को भेजा जा रहा है। इसके अतिरिक्त मंदिर हसौद में चावल वैगन में बंद श्रमिक केशव पिता नैन दास के प्राणों की रक्षा अपनी सूझबूझ से करने वाले शंकर तांडी एवं गणेश शर्मा को सम्मान पत्र संबलपुर डिवीजन द्वारा भेजा जाएगा, जिसे स्टेशन प्रबंधक बागबाहरा द्वारा सम्मान के साथ प्रदान किया जाएगा। डीआरयूसीसी की मीटिंग एजेंडा का राष्ट्रभाषा हिंदी में अनुवाद करने की मांग रखी जिसे स्वीकृत किया तथा अगली मीटिंग एजेंडा हिंदी में अनुवाद प्रकाशित करने निर्णय लिया गया। बागबाहरा में स्टेशन परिसर में खोले गए जनऔषधि केंद्र के बंद होने की ओर ध्यानाकर्षण किया। इस पर जन औषधि केंद्र पुनः शुरू करने हेतु स्वीकृति दी गई। रेलवे परिसर में एटीएम हमेशा खराब रहने की ओर ध्यानाकर्षण किया। जिस पर शीघ्र ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ चर्चा करने की बात हुई। रेलवे की खाली जमीन को लीज में देने अथवा विक्रय करने की पिछली मीटिंग में हुई चर्चा के संबंध में डॉ पाणिग्राही ने ध्यानाकर्षण करते हुए बताया कि इस संबंध में कुछ लोगों ने आवेदन भी डीआरएम को दिया है। मीटिंग अत्यंत ही सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुई।

**मांग :** डीईओ और कलेक्टर से भी करेंगे शिकायत

# स्कूलों में मनमानी, पार्षद और पालकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विगत कुछ वर्षो से बागबाहरा शहर व आसपास गांवों में संचालित निजी स्कूलों के मनमानी के चलते शहरवासी, पालकों व शहर के पार्षदों ने ब्लाक शिक्षा अधिकारी केके वर्मा क़ो ज्ञापन सौंपा। पूर्व पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि शहर व शहर के आसपास संचालित निजी स्कूलों में पालकों से मनमर्जी फीस वसूल रहे है। पाठ्यपुस्तकों को सीमित कुछ दुकानों में लेने हेतु बाध्य किया गया है। पुरानी बुक ले जाने पर बच्चों को नया बुक खरीदने के लिए दबाव बनाया जाता है। बुक को पृथक-पृथक



देने पर मना करते हैं। प्रतिवर्ष पाठ्यपुस्तक बदल दिया जाता है। साथ ही लगभग सभी स्कूलों में व्यायाम शिक्षक मौजूद नहीं है, वास्तविक में निजी स्कूल वाले शिक्षा क़ो व्यवसाय बना रखे है।

सबसे अधिक शिकायत बागबाहरा शहर में कार्मल कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बागबाहरा का है। पालकों को कभी एक होकर शाला की व्यवस्था पर चर्चा नहीं करने दिया जाता। इस प्रकार की लगातार की शिकायत के चलते जनप्रतिनिधि, पालक एकजुट होकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी क़ो ज्ञापन सौपे। इस दौरान पार्षदगण रुपेश प्रेम साहू, थानूराम पांडे, सविता दीवान, पूर्व पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर, पूर्व शिक्षक भीमसेन चंद्राकर, राष्ट्रीय खिलाडी चंद्रकांत सेन, कृष्णा हरपाल, खिलेश तांडी, हितेंद्र देवांगन, मनोज यादव, झरना चंद्राकर, कौशिल्या तिवारी, अगेश्वरी नायक, प्रेम कुमारी, रमोतीन नायक, कायाबाई यादव, अजित तांडी, प्रियेश जैन, मुकेश वेगड़, संदीप गुप्ता सहित अन्य पालक मौजूद रहे। ज्ञापन सौपने वालों ने बताया कि शिक्षा की इस व्यवस्था को लेकर शिकायत करने जिला शिक्षाधिकारी, कलेक्टर से मुलाक़ात कर आगे धरना प्रदर्शन करने की बात कही।

# नयापारा में पुलिस सहायता केंद्र पुनः खोलने वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वार्ड क्रमांक - 6, 7 व 8 के मध्य स्थित शिव चौक नयापारा में स्थित पुलिस सहायता केंद्र को फिर खोलने की मांग को लेकर गुरुवार को वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

मानव संस्कार सेवा समिति के पदाधिकारियों व तीनों वार्ड के नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष साहू को बताया कि शिव चौक स्थित पुलिस सहायता केंद्र विगत कुछ वर्षों से बंद है। वर्तमान में शिव चौक सहित नयापारा स्लम क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार हो रहा है। शराब की अवैध बिक्री, गांजा, नशीली टेबलेट सहित अन्य नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री नयापारा क्षेत्र में हो रहा है। नशे के चपेट में युवाओं सहित 14-15 साल के किशोर वर्ग के बच्चे भी आ रहे हैं। आए दिन लड़ाई-झगड़े की स्थिति

- **नयापारा इलाके में चल रहा नशे का कारोबार, बढ़ रहा अपराध**

निर्मित हो रही है। महिलाओं, युवतियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल पुलिस सहायता केंद्र को खोलने की आवश्यता है। समिति अध्यक्ष अशोक साहू, सचिव राजू बरिहा ने नपाध्यक्ष को बताया कि इस आशय का एक पत्र पुलिस विभाग को भी दिया गया है। अतः इस दिशा में नपाध्यक्ष से सहयोग की मांग की है। वार्डवासियों की मांग पर पालिकाध्यक्ष साहू ने पुलिस सहायता केंद्र शीघ्र प्रारंभ कराने उचित पहल करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से टीकम साहू, मोहन बावनकर, भरत ठाकुर, अशोक साहू, महिला समूह के सदस्यगण, नैनू शर्मा, आशा ठाकुर, सुमित यादव, राम बाई, रेशमा साहू, मंजू साहू, श्याम कहार, सुशीला गाड़ा, कुंती साहू, चंद्रकांता, लक्ष्मी साहू सहित बड़ी संख्या में तीनों वार्ड के महिला, पुरुष उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के आगमन को लेकर हुई बैठक, कार्यक्रमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भारतीय जनता पार्टी बलौदा मंडल की प्रथम बैठक अंतरझोला के झरना पानी, वाटर फाल में हुई। बैठक में मंडल प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी (जिला उपाध्यक्ष मंत्री प्रधान) (जिला मंत्री, विजय प्रधान) (उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग, प्रदीप साहू), निलांबर तांडी (मंडल अध्यक्ष, बलौदा), कुमारी भास्कर (जिला पंचायत सदस्य), मुकेश चौधरी (जनपद पंचायत उपाध्यक्ष), दंडाधर साव (मंडल अध्यक्ष, केंदुआ), नरहरी पोर्ते (मंडल अध्यक्ष, गढ़फुलझर), नवीन साव (सांसद प्रतिनिधि) सहित मंडल के समस्त सोसाइटी अध्यक्ष, नवनिर्वाचित समस्त सरपंच, जनपद सदस्य और बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान



भाजपा प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया और नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कुमारी भास्कर ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में विजयी होने के पश्चात सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल सिद्धांत सबका साथ, सबका विकास है। हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है, और हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास में योगदान देना है।₹ उन्होंने आगामी 30 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर विशेष चर्चा की और कार्यक्रम क़ी तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जितेंद्र त्रिपाठी और कुमारी भास्कर ने नवनियुक्त समस्त जनप्रतिनिधियों का गमछा पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। छुईपाली मंडल से नरेश प्रधान, अनंतराम बीसी, संजू मेहता, घनश्याम भोई, महेश पटेल, सरायपाली मंडल से मुरलीधर नायक, वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष सोनवर्षा उपस्थित रहे।

# बोकरामुड़ा कला स्कूल के छात्र युवराज का नवोदय में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिले के बागबाहरा ब्लाक के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बोकरामुड़ा कला में कक्षा पांचवी के छात्र युवराज बरिहा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, सहायक विकासखंड अधिकारी रामता मन्नाडे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भूपेश्वरी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र ध्रुव, उपाध्यक्ष दीपक बरिहा, प्रधानपाठक डोमार दास वैष्णव, कक्षा शिक्षक रतनू बरिहा एवं शाला तथा संकुल परिवार ने हर्ष जताया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र युवराज सहित उसके माता पिता का भी सम्मान हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण प्रेमचंद डडसेना, धीरज तिवारी, दीपक ठाकुर, सत्येंद्र साहू, लोचन साहू, टुवन ठाकुर, शिव कुमार मन्नाडे, श्रवण यादव, खेमचंद चक्रधारी आदि मौजूद रहे।

# रामनवमी महोत्सव पर नगर में निकलेगी रामजी की विशाल शोभायात्रा व बाइक रैली

**सरायपाली।** राम राज परिवार द्वारा पिछले कई वर्षों से हिंदू नववर्ष, रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा, बाइक रैली का आयोजन किया जाता है। उसी तरह इस बार भी रामनवमी महोत्सव का आयोजन 07 अप्रैल 2025 को रखा गया, जिसका तैयारी अभी से देखने मिल रहा है। नगर में दोपहर 02 बजे बाइक रैली, डीजे के साथ निकलेगी। जिसमें हर बार की तरह हजारों की संख्या में बाइक में मौजूद श्रद्धालु रहेंगे, जो की घंटेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगी। पश्चात शाम 06 बजे से शोभा यात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बस स्टैंड से प्रंभ होगी। जिसमें मुख्य अकर्षण में रायपुर की फेमस धूमल कान्हा कृपा, जय डीजे, राम दरबार झांकी के साथ ये शोभा यात्रा निकलेगी और पूरे नगर में हर्ष और उल्लास के साथ नगर को भगवामय करेंगे और खास बात ये है कि जय स्तंभ चौक पर भगवान रामजी की एक भव्य प्रतिमा रहेगी, जिसका ग्रैंड लांचिंग रॉयल इवेंट रायपुर द्वारा होगा। जिसमें आतिशबाजी होगी और अंत में बनारस से आए पंडितों द्वारा प्रभु की भव्य महाआरती होगी। पूरे कार्यक्रम में हजारों की भीड़ होगी। श्रद्धालु गांव-गांव से आकर शोभायात्रा में शामिल होंगे। जिसके व्यवस्था में राम राज परिवार के हिंदू वीर लगे हुए है। इसमें सरायपाली के हिंदू युवा बहुत ही उत्साह के साथ तैयारी कर रहे। आयोजन में मयंक शर्मा, नवीन सिंह, साहिल पटनायक, नवीन देवता, अंकित अग्रवाल, शिवम गंभीर, संजय यादव, सोनू पाढी, गौरव शर्मा, राजा साहू, टिंकू सत्पथी, नमन बग्गा, प्रतीक सामंतराय, पंकज अग्रवाल, दीपक यादव, रितेश, यशवंत, हिमांशु, जयप्रकाश, प्रकाश साहू, आयुष पटनायक, भोला, आर्यन पटनायक, राकेश यादव, दिनेश, बंटी आदि को आमंत्रित किया है।

## प्रधानमंत्री क़े कार्यक्रम में सम्मलित होने बनाई रणनीति



**तेंदूकोना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 30 मार्च को शुभागमन होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बागबाहरा ग्रामीण मंडल के समस्त बूथ एवं पंचायतों से अधिक से अधिक संख्या में जाने की योजना ग्राम मुनगासेर में बैठक कर बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, महामंत्री दिनेश चंद्राकर, विनोद दीवान, कमलेश, प्रेसन साहू, राजेश ठाकुर, कन्हैया नायक, हरीश दीवान, मुकेश चंद्राकर, घनश्याम साहू, छन्नूलाल साहू, जनक साहू, कोमल साहू, तुलसी साहू, मोरध्वज चक्रधारी, प्रकाश पटेल, हरीश जगत, उप्पन साहू, डिगन सिन्हा, डेमन साहू, चित्रसेन साहू, परमिला निषाद, मीडिया प्रभारी पीताम्बर साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# सोहम हॉस्पिटल को डिप्टी सीएम अरुण साव ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना चुके सोहम क्रिटिकल केयर एंड मैटरनिटी हॉस्पिटल को डिप्टी मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान अस्पताल द्वारा गंभीर मरीजों की उत्कृष्ट देखभाल, क्रिटिकल केयर सेवाओं में अद्वितीय योगदान, और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए किए गए कार्यों के लिए दिया गया।

समारोह में डिप्टी मुख्यमंत्री ने सोहम हॉस्पिटल की सेवाओं की सराहना करते हुए इसे एक मिसाल बताया और कहा कि सोहम हॉस्पिटल ने चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित किए हैं। यह अस्पताल न केवल उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का भी कार्य कर रहा है।

### सोहम हॉस्पिटल की उपलब्धियां और योगदान

सोहम हॉस्पिटल ने अपने क्रिटिकल



केयर यूनिट (आईसीयू) में अब तक सैकड़ों गंभीर मरीजों की जान बचाई है। आधुनिक मशीनों और तकनीकों से सुसज्जित इस अस्पताल ने मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई हैं। यह सम्मान विशेष रूप से अस्पताल द्वारा गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए दी जाने वाली छूट और फ्री मेडिकल कैंप्स के सफल आयोजन के लिए दिया गया। सोहम हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें हजारों मरीजों का उपचार किया गया है। इन शिविरों में न केवल मुफ्त परामर्श और जांच की सुविधा दी जाती है, बल्कि जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

### सम्मान पर समाजजनों का जताया आभार

सोहम हॉस्पिटल के संचालक और प्रबंधन टीम ने इस सम्मान के लिए राज्य सरकार, डिप्टी सीएम अरुण साहू और समाज के सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि यह सम्मान उनके लिए एक बड़ी प्रेरणा है और वे भविष्य में और अधिक मेहनत के साथ समाज के प्रति अपनी सेवाएं जारी रखेंगे।

